# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

▶ जून माह में गंगा दशमी तक चलेगा अभियान।



**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधायक श्याम बरडे द्वारा पानसेमल विधानसभा के ग्राम पंचायत बंधारा बुजुर्ग के ग्राम रामपुरा स्थित तालाब की खुदाई और गहरीकरण कार्य का शुभारंभ कर राज्यव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक बरडे द्वारा मां नर्मदा का पूजन कर की गई। इसके बाद ग्रामवासियों के साथ कन्या पुजन एवं कलश यात्रा निकालकर किया।

मप्र सरकार ने 19 मार्च 2026 (गुड़ी पड़वा) से राज्यव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान का पुन: शुभारंभ किया है। जो जून माह में गंगा दशमी तक चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य कुएं, बावड़ियां, तालाब, नदियों सहित प्रदेशभर की लगभग 2.79 लाख जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, संरक्षण और पुनर्जीवन करना है। इस अभियान में प्रदेश के 16 विभाग जनभागीदारी के साथ कार्य करेंगे।

विधायक बरडे ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, पारंपरिक जल संरचनाओं का पुनरोद्धार तथा जल संचय को बढ़ावा देना है। अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में 10000 से अधिक चेक डैम, स्टॉप डैम एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण व सुधार कार्य किया जाएगा। साथ ही पुराने बांधों की मरम्मत कर उन्हें और मजबूत बनाया जाएगा। यह अभियान ग्राम-ग्राम में जनता की भागीदारी से संपन्न होगा तथा इसमें युवाओं को जलदूत के रूप में जोड़कर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य मानसून से पूर्व प्रदेश में जल संरक्षण की क्षमता को बढ़ाना और ग्रामीण ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी जल सुरक्षा करना है।

**ग्रामीण, नेता और अधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे, रामचंद्र सोनीस, वरिष्ठ नेता श्रीचंद चौहान, नंदकिशोर चोपड़ा, प्रकाश जोशी, प्रेमसिंह पटेल, पंडित माली, उत्तम चौहान, राकेश दावरे, एसडीएम रमेश सिसोदिया, जनपद सीईओ अंतरसिंह डावर, जगदीश भंडारी, बबलू यादव, योगेश जैन, श्यामराव वसावे, भावसार अवाशे, जनपद सदस्य कालू सिंह बरडे, अजय आर्य, फाड़िया भोसले, सुभाष पाटिल सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# ईदगाह के बाकी हिस्से में सीमेंटीकरण शुरू

**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर के घोड़ेशाह वली मदनी ईदगाह कमेटी द्वारा ईदगाह परिसर में नमाजियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य कराया जा रहा है। ईद की नमाज के दौरान नमाजियों के पैरों में कंकड़-पत्थर न चुभें, इसके लिए 2023 में परिसर के आधे हिस्से में सीमेंट कांक्रीटीकरण कराया था।

कमेटी से जुड़े पूर्व सदर साजिद खान भय्यु भाई ने बताया कि शेष बचे हिस्से में सीमेंट कांक्रीटीकरण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए आवश्यक निर्माण सामग्री स्थल पर पहुंचाई जा रही है और कार्य की तैयारी की जा रही है। कमेटी के हाजी सफी मंसूरी, हाजी कल्लू मंसूरी, असलम भाई मैकेनिक, हाजी शकील पटेल और गनी भाई इंजीनियर, अस्पाक भाई मुंडा ने बताया कि ईदगाह परिसर के शेष भाग में भी जल्द ही सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी दो माह के भीतर, बकरा ईद तक यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कमेटी से जुड़े हाजी मेहमूद शेख, अनवर ठेकेदार, अजमुद्दीन शेख ने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद पूरे ईदगाह परिसर में नमाज अदा करने के लिए नमाजियों को समतल और साफ जगह उपलब्ध होगी, जिससे बड़ी संख्या में आने वाले लोगों को सुविधा मिल सकेगी।



एक नजर में

## गुड़ी का किया पूजन, हिंदू नववर्ष की शुरुआत



**पानसेमल।** चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर हिंदू समाजजनों ने रीति-रिवाज अनुसार तैयारियां कर पर्व मनाया। मान्यता अनुसार इस दिन ऋतु फल आम का इष्ट देव को भोग भी लगाते हैं। गिरीश पाटिल ने बताया कि सनातन धर्म के सभी त्यौहारों में आरोग्य से जुड़े तथ्य है, हमारे पूर्वजों द्वारा जो भी परंपरा बनाई गई है। वह धर्म और संस्कृति में शामिल किया है, जो मानव जीवन के लिए हितकर है। युवा पीढ़ी को भी रीति-रिवाज जानकर त्यौहारों के महत्व को जानना चाहिए। नववर्ष पर महाराष्ट्रीयन खानदेशी समाज में पारंपरिक भोजन पुरण पोली बनाकर परिवार के साथ भोजन किया जाता है। नगर की देव दर्शन कॉलोनी में स्वयं सेवकों द्वारा हिंदू नववर्ष मनाया गया। स्वयं सेवकों ने आध्य सरसंघचालक प्रणाम किया, जिसके बाद विक्रम संवत प्रारंभ होने से लेकर वर्तमान स्थिति तक गुड़ी पड़वा के महत्व को बताया। उसके बाद सभी स्वयं सेवकों ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ऋतु फल आम, खरबूजा एवं तरबूज की दुकानें लगी।

## जय भीम दलित शक्ति संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**पानसेमल।** टैंकर वितरण कार्यक्रम के दौरान जय भीम दलित शक्ति संगठन जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुनील बागले और समाज के वरिष्ठ जनों के साथ सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को आवेदन कर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापना के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नगर स्थित डॉ बाबा साहब आंबेडकर उद्यान में बाबा साहब की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव है, जिससे समाज में समानता, शिक्षा एवं संविधान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। इस विषय को लेकर समाजजनों एवं संगठन सदस्यों के साथ बैठक भी की गई।



# सांसद ने किया टैंकरों का वितरण

▶ मोनालिसा के विवाह को बताया हिंदू मैरेज एक्ट का उलंघन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** जनपद के 10 स्थानों के लिए पेयजल टैंकरों का वितरण किया। श्री जीनिंग में कार्यक्रम हुआ, जिसमें सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने कहा कि राजनीति करना काजल की कोठरी में रहने जैसा है। मैंने मेरे राजनीतिक जीवन व पूरे कार्यकाल में ईमानदारी से कार्य किया है। जब हम भीषण गर्मी में किसी प्यासे की प्यास बुझाते हैं तो उसकी आत्मा तृप्त हो जाती है। क्षेत्र में जहां भी पानी की समस्या होगी आवश्यक प्रयासों के बाद समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।



**मोनालिसा के परिवार के साथ खड़ी है सरकार**

खरगोन जिले की मोनालिसा के विवाह को लेकर भी कहा कि सरकार मोनालिसा के परिवार के साथ खड़ी है। यह विवाह हिंदू मैरेज एक्ट का उलंघन है, जांच के बाद जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, उसके बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# गड्ढे में धंसा गेहूं के भूसे से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया

▶ एक्सीडेंट के बाद करीब 2 घंटे आवागमन रहा बाधित



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर के पाटी रोड स्थित वार्ड नंबर 22 सीरवी मोहल्ला में गुरूवार दोपहर करीब 3.30 बजे गेहूं के भूसे से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली सीवेज निर्माण कार्य के दौरान बने गड्ढे ,जिन्हें मिट्टी से भर दिया गया है उसमें ट्राली का एक टायर धंस गया। जिससे करीब 2 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मोहल्ले के कई लोग एवं ट्रैक्टर मालिक मौके पर पहुंचे, उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली को निकालने के लिए जेसीबी मशीन को बुलाया।

संजय पंवार ने बताया कि सीवेज लाइन प्रोजेक्ट निर्माण कार्य के कारण सीरवी मोहल्ला में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत बने सीसी रोड़ को खोदकर सीवेज लाइन डाली गई है। करीब एक माह से अधिक समय से कार्य किया जा रहा है चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा से गणगौर पर्व शुरू हो गई है जो इसी मार्ग से निकलती है। टायर धसने की घटना के बाद ट्रेक्टर मालिक ने मौके पर पहुंच जेसीबी मशीन को ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने में सहायता के लिए बुलाया। लेकिन जैसे ही जेसीबी मशीन ने ट्राली को पीछे से टल्ला लगाया तो, वह अनबेलेंस होकर पलट गया, जिससे स्थिति और खराब हो गई।

एक नजर में

## जाम गेट के पास चलती कार में आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**महू.** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जाम गेट के पास बुधवार शाम को एक चलती कार में अचानक आग लग गई. माधवपुरा गांव के पास हुई इस घटना में कार धू-धू कर जल उठी. गनीमत रही कि कार चालक ने धुआं उठते ही सूझबूझ दिखाई और समय रहते वाहन से बाहर कूदकर अपनी जान बचा ली. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम करीब 5 बजे महू की ओर आ रही कार से अचानक धुआं निकलने लगा. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित किया. पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. तकनीकी खराबी के चलते इंजन के पास से आग शुरू होने की आशंका है.

## माहेश्वरी महिला मंडल ने धूमधाम से निकाला गणगौर का बाना



**महू.** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर उत्सव कार्यक्रम स्थानीय गोपाल मंदिर भवन में मनाया गया. मंडल अध्यक्ष रजनी सोडाणी द्वारा अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत नृत्य और गणगौर पूजन से हुई, जिसे अनीता बाहेती, शुभांगी माहेश्वरी, शर्मिला सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया. मनोरंजक गेम सरिता बियानी और विजया ढोली द्वारा खिलाया गया. महिलाओं का स्वागत सुषमा जाजू, रमिला मालानी, सरोज सोडाणी द्वारा किया गया. दूल्हा- दुल्हन मुनमुन बाहेती और रश्मि तिलोटिया बनी थीं. गणगौर का बाना बड़ी धूमधाम से निकाला गया. जगह-जगह स्वागत किया गया. इस रंगारंग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया. विशेष सहयोग पद्मा सोडाणी, कांता सोडाणी, ममता लड्ढा, संगीता सोडाणी, किरण नवाल का रहा. मंडल सचिव मोनिका बियाणी ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया. यह जानकारी प्रचार मंत्री स्वाति शारदा ने दी. कायक्रम में किरण माहेश्वरी एवं शकुंतला ढोली विशेष रूप से उपस्थित थीं.

# ट्रेनों में तीन यात्रियों के 4 .40 लाख के जेवर-मोबाइल चोरी

▶ इंदौर रेलवे स्टेशन पर युवक की मौत

**इंदौर.** जीआरपी इंदौर क्षेत्र में ट्रेनों में चोरी की एक ही दिन में तीन घटनाएं सामने आई हैं. इनमें यात्रियों के बैग से लाखों के जेवर, मोबाइल और नकदी चोरी हो गई. अलग-अलग स्थानों पर हुई इन घटनाओं में शून्य पर अपराध दर्ज कर संबंधित थानों को भेज दिया गया है.

पुलिस के अनुसार विष्णुपुरी निवासी मीना बिनवानी अपने पति के साथ शांति एक्सप्रेस से अहमदाबाद से इंदौर आ रही थीं. यात्रा के दौरान उन्होंने पर्स सिरहाने रखकर सो गई. इंदौर पहुंचने पर पर्स गायब मिला. बाद में कोच कर्मचारी ने पर्स तो लौटा दिया, लेकिन उसमें रखे करीब 4.40 लाख रुपए के सोने के जेवर, मोबाइल और नकदी गायब थे. इस मामले में जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. इसके अलावा तीन अन्य मामलों में भी यात्रियों के पर्स चोरी हुए. नागदा स्टेशन पर एक महिला का नकदी से भरा पर्स चोरी हो गया, जबकि रीवा एक्सप्रेस और अंबेडकर नगर वीकली एक्सप्रेस में भी मोबाइल व नकदी से भरे बैग पार कर दिए. इन मामलों में घटनास्थल अन्य जिलों में होने से शून्य पर अपराध दर्ज कर संबंधित जीआरपी थानों को डायरी भेजी गई है.

## प्लेटफार्म 1 पर मिले शव की शिनाख्त

इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 के पास 17 मार्च को एक युवक मृत मिला था. जांच में उसकी पहचान राहुल गौतम उम्र 18 साल निवासी जौनपुर के रूप में हुई. प्रारंभिक जांच में युवक की मौत का कारण मिर्गी की बीमारी बताया जा रहा है. जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजकर जांच शुरु कर दी है.

## बायपास पर खड़े ट्रक से हुई टक्कर, दो की मौत

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बायपास रोड स्थित बिचौली हप्सी ब्रिज पर लापरवाही से खड़े ट्रेलर के कारण हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि ट्रेलर नम्बर एमपी 09 एचएच 0141 का चालक वाहन को बिना पार्किंग लाइट और किसी चेतावनी संकेत के ब्रिज पर खड़ा कर चला गया था. इसी दौरान पीछे से आ रहा वाहन ट्रेलर से टकरा गया, जिससे राजेश गोयल उम्र 53 साल निवासी राजपुर (बड़वानी) और राजेन्द्र भगोरे की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन खड़ा करने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पालदा फैक्ट्री में भीषण आग, मशक्कत के बाद पाया काबू

▶ शहर में तीन जगह आग की घटनाएं



**इंदौर.** शहर में बुधवार को बृजेश्वरी एनेक्स में हुए अग्निकांड के अलावा अलग-अलग इलाकों में आग की घटनाओं ने दहशत का माहौल बना दिया था. पालदा क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में लगी आग के साथ ही भंवरकुआ और मल्हारगंज इलाके में भी आग लगने के मामले सामने आए, हालांकि समय रहते सभी जगह हालात पर काबू पा लिया गया था.

फायर ब्रिग्रेड से मिली सूचना के अनुसार पालदा इलाके में दोपहर करीब 11 बजे पेस्ट कंट्रोल उत्पाद बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक आग भड़क उठी. फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में केमिकल और ज्वलनशील कच्चा माल रखा होने के कारण लपटें तेजी से फैल गईं और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया था. सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया. घटना के दौरान कुछ मजदूर अंदर फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला था. वहीं रेस्क्यू के दौरान कुछ मजदूर हल्के रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है. इधर, भंवरकुआ स्थित आईटी पार्क में खड़ी एक एक्टिवा में अचानक आग लग गई. मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया. प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को कारण माना जा रहा है. वहीं मल्हारगंज थाना क्षेत्र के पास एक लंबे समय से खाली पड़े पुराने मकान में भी आग लगने की घटना सामने आई. स्थानीय रहवासियों और फायर कर्मियों की तत्परता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया. इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.

एक नजर में ▶ वैभव नगर में सीवरेज लाइन के लिए खोदी गई सड़क का समुचित निर्माण नहीं होने से रहवासी हो रहे परेशान

# निर्माणाधीन विकास कार्यों में अत्यधिक देरी बन रही लोगों की समस्या





**इंदौर.** शहर में चल रहे विकास कार्यों में अत्यधिक देरी शहरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. अधूरे कार्यों से रहवासियों को कीचड़ और धूल भरी सडक़ों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं, सडक़ों के संकरा होने से भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है. अनियोजित विकास के कारण 10 मिनट की दूरी तय करने में 30 से 45 मिनट तक लग जाते हैं. धूल और खराब सडक़ों के कारण श्वसन और त्वचा संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं. वहीं, निर्माण कार्यों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा है.

ऐसा ही मामला पूर्वी रिंग रोड से लगे हुए वार्ड 50 के बंगाली क्षेत्र के वैभव नगर में सामने आया है. कुछ समय पहले यहां सीवरेज लाइन डालने के लिए बनी-बनाई सडक़ को खोदा गया था. कार्य के दौरान सडक़ पूरी तरह उखाड़ दी गई. यहां सीवरेज लाइन तो डाल दी गई, लेकिन इसके बाद नगर निगम द्वारा सडक़ का समुचित पुनर्निर्माण नहीं किया गया. केवल मुरम और गिट्टी डालकर सडक़ को अधूरी अवस्था में ही छोड़ दिया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

खराब सडक़ के कारण दिन भर धूल उड़ती रहती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों को दिक्कत होती है, पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है. वहीं, गिट्टी बिखरी होने के कारण वाहन फिसलने से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं. कई बार उड़ती गिट्टी आसपास की दुकानों तक पहुंचकर दुकानदारों या सामान को भी नुकसान पहुंचता है. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. उन्होंने नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्की सडक़ का निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके.

## यह बोले रहवासी...



इस अधूरे कार्य से क्षेत्र के सभी लोग परेशान हैं. हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. रोजाना औसतन दो-तीन वाहन चालक गिरते-पड़ते हैं. आज सुबह ही मेरी गाड़ी फिसल गई, इसमें मुझे भी चोट आई है.

**- युवराज चौहान**



यहां पहले से ही दोनों तरफ दो-दो फीट की लाइन डली हुई है, फिर भी एक फीट की लाइन बीच में पता नहीं क्यों डाल दी गई, अब दो महीने से ऐसे ही पड़ा है.

**-प्रकाश अराठे**



सडक़ पर पड़ी गिट्टी वाहनों के पहिए से उचटकर लोगों को चोटिल कर देती है. एक बार मुझे भी लग चुकी है. गिट्टी के कारण कई बार दुकान के समान को भी नुकसान होता है. काम शुरू करते समय कहा था दस दिन में कार्य पूरा हो जाएगा लेकिन आज तक नहीं हुआ.

**- वैभव सोनी**